जागरण

www.jagran.com May 23,2015

आज का मुद्दा
ललित मोदी पर RTI के तहत मांगी गई जानकारी देने से विदेश मंत्रालय का इंकार
क्या सरकार की तरफ से इस मुद्दे पर कुछ छिपाने की कोशिश की जा रही है?
INDIA

PREVIOUS NEXT

अरुणाचल की पर्वतारोही अंशु ने फिर रचा इतिहास

Publish Date:Fri, 30 May 2014 06:50 PM (IST) | Updated Date:Fri, 30 May 2014 06:50 PM (IST)

Share Like 1 g+1 0

इटानगर। अरुणाचल प्रदेश की महिला पर्वतारोही अंशु जमसेंपा ने बारी-बारी से छह दिनों में हिमालय की तीन चोटियों पर चढ़ाई कर एक बार फिर इतिहास बनाया है। वह अपने पहले के हिमालयी अभियानों में विश्व रिकॉर्ड बना चुकी हैं।

अपने इस ताजा अभियान के तहत दो बच्चों की मां अंशु ने हिमालय की लोबुके [6119 मीटर], पोखालडे [5896 मीटर] और आइलैंड पीक [6189 मीटर] चोटियों पर 13 से 18 मई तक चढ़ाई की। इस उल्लेखनीय सफलता के लिए 27 मई को काठमांडू में नेपाल के पर्यटन मंत्रालय ने 28 वर्षीय अंशु को सम्मानित किया। उनके साथ के अधिकांश पर्वतारोही जहां पहली चोटी पर चढ़ाई करने के बाद ही अपने देश लौट गए, वहीं अंशु ने तीनों चोटियों पर चढ़ाई की। वह 19 हजार फीट पर स्थित अपने शिविर स्थल के ऊपर चढ़ाई करने वाले 16 शेरपाओं की हिमस्खलन से हुई मौत के बावजूद अडिग रहीं।

इससे पहले अंशु ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 10 दिनों के अंतर पर दो बार चढ़ाई की थी। वह ऐसा करने वाली विश्व की पहली मां हैं।

एवरेस्ट विजेता छंदा का अबतक पता नहीं